पंजाब केसरी

**Date – 15/10/2025**

पंजाब केसरी
WED,15 OCTOBER 2025
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

करेगा। ये टीम महोत्सव से संबंधित अनिवार्य है। पंजीकरण की प्रक्रिया उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में तक पहुंचाए।



*इंट्रा-डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।*

# विधि विभाग द्वारा इंट्रा-डिपार्टमैंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

जींद, 14 अक्तूबर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में विधि विभाग द्वारा इंट्रा-डिपार्टमैंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक समझ प्रदान करना तथा उनकी अभिव्यक्ति, विश्लेषण एवं तर्कशक्ति को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रतियोगिता में विभाग के विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया और न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थितियों का अनुकरण करते हुए अपनी अधिवक्ता क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विधिक मुद्दों पर आधारित मुकदमे प्रस्तुत किए, युक्तिपूर्ण बहसें कीं और न्यायाधीशों की भूमिका निभाते हुए निर्णय भी सुनाए।

विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कुलदीप नारा ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समस्त प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजक समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपने अदालती कौशल को विकसित करने और उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।

हमें अपने छात्रों की प्रतिभा और कौशल पर गर्व है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किए और कहा कि इससे उन्हें अपने अदालती कौशल को विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिली। यह मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रही, जिससे उन्हें न्यायिक प्रणाली को समीप से समझने और अपने व्यावसायिक कौशल को निखारने का अवसर मिला। इस मौके पर डॉ. रोहित, डॉ. ललित शर्मा, डॉ. शुभम सैनी, डॉ. स्वेछा मलिक, डॉ पारुल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

**Date – 15/10/2025**



जींद। इंट्रा डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

# मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में विधि विभाग द्वारा इंट्रा .डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ प्रदान करना तथा उनकी अभिव्यक्तिए विश्लेषण एवं तर्कशक्ति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में विभाग के विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया और न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थितियों का अनुकरण करते अपनी अधिवक्ता क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विधिक मुद्दों पर आधारित मुकद्मे प्रस्तुत किए। युक्तिपूर्ण बहसें की और न्यायाधीशों की भूमिका निभाते निर्णय भी सुनाए। विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समस्त प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजक समिति को बधाई दी। इस विभागाध्यक्ष प्रो. डा. कुलदीप नारा पर ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपने अदालती कौशल को विकसित करने और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। हमें अपने छात्रों की प्रतिभा और कौशल पर गर्व है।

Date – 15/10/2025

# विद्यार्थियों ने अधिवक्ता क्षमता का किया प्रदर्शन

- सीआरएसयू में इंट्रा-डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन
- विद्यार्थियों ने विधिक मुद्दों पर आधारित मुकदमे किए प्रस्तुत

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को विधि विभाग द्वारा इंट्रा-डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ प्रदान करना तथा उनकी अभिव्यक्ति, विश्लेषण एवं तर्कशक्ति को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थितियों का अनुकरण करते हुए अपनी अधिवक्ता क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विधिक मुद्दों पर आधारित मुकदमे प्रस्तुत किए, युक्तिपूर्ण बहस की और न्यायाधीशों की भूमिका निभाते हुए निर्णय सुनाए।

विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समस्त प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजक समिति को बधाई दी। डा. कुलदीप नारा पर ने कहा मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपने अदालती कौशल को विकसित करने और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का उत्कृष्ट अवसर है। हमें अपने छात्रों की प्रतिभा और कौशल पर गर्व है। इस मौके पर डा. रोहित, डा. ललित शर्मा, डा. शुभम सैनी, डा. स्वेछा मलिक, डा. पारुल भी मौजूद रहे।



सीआरएसयू में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता की शुरुआत करते अधिकारी • सौ. विवि